सुविचार

सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!

साप्ताहिक

युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-15 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 17 मई 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला को उसका बॉयफ्रेंड प्रताड़ित करता तो क्या वह क्रूरता के अपराध का केस दर्ज करवा सकती है जानिए/legal advice...

किसी भी महिला के साथ उसका पति या पति का नातेदार किसी भी प्रकार की क्रूरता करते है तो महिला उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 84 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 498 के अंतर्गत मामला दर्ज करवा सकती है ढ्ढ अगर कोई बालिग महिला आपनी ईच्छा से किसी पुरुष के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही हैं और उसका साथी उसे बार बार प्रताड़ित करना है या उसका साथी उससे पैसे की मांग करता है या कहें किसी भी प्रकार की क्रूरता कर रहा है तब क्या वह स्त्री उस पुरुष के खिलाफ भी क्रूरता के अपराध का मामला दर्ज करवा सकती हैं जानिए महत्वपूर्ण जानकारी वमगराला येदुकोडाला बनाम आंध्र प्रदेश राज्य वाद- इस मामले मे यह अभिनिर्धारित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति धारा 498 के अंतर्गत क्रूरता आपनी रखैल (लिव इन रिलेशनशिप रह रही महिला) के साथ करता है , या उस महिला को इतना मजबूर कर दे की वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाए तब वह पुरुष भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 498 के अपराध से दण्डित किया जा सकता है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

Bharatiya Nyaya Sanhita Section }y or Indian Penal Code Section Provision of punishment

यह अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर दर्ज होती है या एफआईआर दर्ज न होने की स्थिति मे पीड़ित महिला प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) भी दर्ज करवा सकती हैं। इन अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है । **सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है।

## किस अपराध से पीड़ित महिला के इलाज करने से कोई भी बड़ी से बड़ी हॉस्पिटल माना नहीं कर सकती है जानिए/legal advice....

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा. एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 357(ग) में बताया गया है कोई भी सरकारी या प्राइवेट केंद्र सरकार से मान्यता हो या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त हो या कोई स्थानीय हॉस्पिटल हो या कोई मान्यता प्राप्त क्लिनिक की भी ऐसिड से पीड़ित महिला या किसी भी बलात्कार की शिकार महिला का सबसे पहले तुरंत निःशुल्क इलाज करेगा एवं इसके बाद ऐसी घटना की सूचना तुरंत नजदीक थाने में या मजिस्ट्रेट को देगा। उपरोक्त अपराध से पीड़ित महिला के इलाज करने से कोई हॉस्पिटल या डाक्टर माना करता है तो उसके खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जानिए -



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 200 एवं भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 166ख की परिभाषा:** जो कोई सरकारी या प्राइवेट हॉस्पिटल या स्थानीय अस्पताल या मान्यता प्राप्त क्लिनिक किसी तेजाब से पीड़ित महिला या बलात्कार से पीड़ित महिला का इलाज नहीं करती है या कोई डाक्टर इलाज करने से मना करता तब वह व्यक्ति BNS की धारा 200 एवं IPC की धारा 166B के अंतर्गत दोषी होगा।

**Bharatiya Nyaya Sanhita Section 200 or Indian Penal Code Section v{{B Provision of punishment**

यह अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की डारेक्ट एफआईआर दर्ज नहीं होगी, पीड़ित व्यक्ति को प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) दर्ज करवाना होगा। इन अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है। **सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम एक वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# क्या राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर अमेठी से फिर से जीत हासिल करना कठिन था?

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है कि राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला इसलिए किया, क्योंकि उनके लिए यहां से चुनाव लड़ना कठिन होता. एनडीटीवी के साथ एक विशेष साक्षात्कार में भाजपा नेता ने कई मुद्दों पर बात की. इसमें खास तौर पर उनकी और उनकी पार्टी की साख, विकास कार्य, राम मंदिर, रोजगार और प्रज्वल रेवन्ना यौन अपराध मामला शामिल हैं. अमेठी में सोमवार को मतदान होना है. स्मृति ईरानी अमेठी से लगातार तीसरी बार भाजपा की उम्मीदवार हैं. वह 2014 में राहुल गांधी से हार गई थीं और फिर 2019 में जीती थीं. यह हार कांग्रेस के लिए एक झटके की तरह थी. इसका कारण यह था कि अमेठी निर्वाचन क्षेत्र को गांधी परिवार का गढ़ माना जाता था और 1967 से लगातार कांग्रेस यहां से जीत रही थी.





### किशोरी लाल शर्मा को कैसे मिला टिकट?

2004 से राहुल गांधी यहां से 2019 तक चार बार चुनाव लड़े और तीन बार निर्वाचित हुए. अमेठी सीट का प्रतिनिधित्व राहुल गांधी के चाचा संजय गांधी, पिता राजीव गांधी और मां सोनिया गांधी सहित अन्य कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने किया था. इस बार ईरानी के प्रतिद्वंद्वी किशोरी लाल शर्मा हैं, जो गांधी परिवार के वफादार हैं. किशोरी लाल शर्मा ने 40 वर्षों तक अमेठी में काम किया है. इन्हें प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बाद अमेठी से टिकट दिया गया और राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में पार्टी के एकमात्र बचे हुए गढ़ रायबरेली से लड़ने का फैसला किया.

### स्पष्टीकरण देना मुश्किल हो जाएगा

यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर अमेठी से फिर से जीत हासिल करने का उनका काम कठिन होता, ईरानी ने कहा, ÷नहीं, यह राहुल गांधी के लिए कठिन था, इसीलिए उन्होंने नहीं लड़ने का फैसला किया. मैं उन्हें चुनाव लड़ने के लिए चार महीने से कह रही हूं क्योंकि मैं बहुत स्पष्ट थी कि हमने जमीन पर काम किया है और मेरे पांच साल के काम और सांसद के रूप में उनकी 15 साल की अनुपस्थिति के बीच एक स्पष्ट तुलना है और इस पर गांधी परिवार के लिए इस निर्वाचन क्षेत्र के हर चौराहे पर स्पष्टीकरण देना मुश्किल हो जाएगा.÷

### औकात पर हुई बात

आत्मविश्वास से भरी ईरानी ने कहा कि अमेठी में सत्ता विरोधी लहर नहीं है और ÷गांधी भाई-बहनों के प्रति बहुत आकर्षण भी नहीं है.÷ उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों में भी प्रियंका और राहुल गांधी की परीक्षा हुई और अमेठी लोकसभा सीट के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से कांग्रेस ने चार में अपनी जमानत खो दी और पांचवें में भी भाजपा से हार गई. उन्होंने कहा, ÷मैं यहां कांग्रेस के इकोसिस्टम से लड़ती हूं. मैं एक उम्मीदवार से नहीं लड़ती. मुझे यकीन है कि आपने देखा होगा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने संचार प्रमुख के माध्यम से कोई औकात नहीं है की थी और फिर एक पूर्व मुख्यमंत्री (राजस्थान के अशोक गहलोत) को इस विशेष निर्वाचन क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है. यह बहुत अजीब है. अगर मेरी कोई औकात नहीं होती तो गांधी परिवार को हर सड़क के कोने पर बैठकें नहीं करनी पड़तीं।

### नए सिरे से बना रहे

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने पांच दशकों तक तथाकथित गढ़ (अमेठी ) पर कब्जा कर रखा था लेकिन इस निर्वाचन क्षेत्र की 23-24 लाख की आबादी में से 16 लाख लोगों के पास शौचालय और 1.5 लाख परिवारों के पास बिजली कनेक्शन नहीं था. स्मृति ईरानी ने कहा कि यह दोनों काम उनके पांच साल सांसद रहने के दौरान किया गया है. मंत्री ने कहा, ÷ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनकी मांग 30 साल से की जा रही थी और कभी पूरी नहीं हुई. हमने बाईपास का निर्माण किया, अमेठी को एक एक्सप्रेसवे से जोड़ा, यहां एक ट्रॉमा सेंटर बनाए. कुछ बुनियादी प्रशासनिक ढांचागत इकाइयां भी हम यहां बना रहे हैं, जैसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, पुलिस लाइन, पहला डायलिसिस केंद्र, पहली सीटी स्कैन मशीन. बहुत से लोगों को इसका एहसास नहीं है कि हम इस पूरी जगह को नए सिरे से बना रहे हैं।

## दाढ़ी बनाने वाले मिथुन ने जमकर की राहुल गांधी की तारीफ

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली से चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी जब वहां के एक सैलून में अचानक दाढ़ी सेट करवाने पहुंचे, तो यह चर्चा का विषय बन गया. दाढ़ी सेट करवाते राहुल की कई फोटोज भी सामने आई थीं. दरअसल, राहुल गांधी लालगंज में अपनी चुनावी सभा को खत्म कर जा ही रहे थे, उसी दौरान उनका काफिला न्यू मुंबा देवी कटिंग सैलून पर रुक गया. बड़ी सी गाड़ी से उतरकर राहुल गांधी जैसे ही उस छोटी सी दुकान में घुसे, तो वहां मौजूद लोगों को कुछ समय ही नहीं आया. दुकान में काम करने वाले मिथुन से उन्होंने अपनी दाढ़ी सेट करवाई. एक पल को तो मिथुन को भी यकीन नहीं हुआ कि सामने खड़े शख्स कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं. मिथुन ने बताया कि पहले तो वह यकीन ही नहीं कर पाए. फिर उन्होंने कांग्रेस नेता की दाढ़ी ट्रिम की. मिथुन ने बताया कि वह बचपन से ही कांग्रेसी हैं।



## मध्य प्रदेश में दलबदलू नेताओं को न माया मिली न राम

**भोपाल।** चुनाव लोकसभा का हो या विधानसभा का, नेताओं का पाला बदलना आम बात है. अब तक के चुनावों में दलबदलू नेताओं की संख्या उतनी नहीं थी, जितनी 2024 के लोकसभा चुनाव में है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा ऐसे नेताओं को टिकट दिया है, जो पाला बदलकर पार्टी में आए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में कुल 106 दलबदलू नेताओं को मौका दिया है. इनमें बड़ी संख्या मध्य प्रदेश से भी है. मध्य प्रदेश में दो महीने में कांग्रेस के 3 मौजूदा विधायक बीजेपी का दामन थाम चुके हैं. पिछले 10 सालों में ये आंकड़ा 35 का है. हालांकि, पाला बदलकर आए इन नेताओं का कद भी छोटा हो गया. इनमें से 10 फीसदी ही मंत्री पद बचा पाए।



# अंग्रेजी साहित्य के विकास में भारतीयों का अपूर्व योगदान



**मथुरा।** अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में इंग्लिश डिपार्टमेंट की ओर से गेस्ट लेक्चर इंडियन इंग्लिश पोयट्री का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्यान से हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेई व कॉर्डिनेटर डॉ. मीता वाजपेई ने मुख्य वक्ता डॉ. अदिति शर्मा को उत्तरीय एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. अदिति शर्मा ,असिस्टेंट प्रोफेसर, के. आर. गर्ल्स पी.जी. कॉलेज ने गेस्ट लेक्चर, इंडियन इंग्लिश पोएट्री÷ विषय पर छात्राओं का ज्ञान वर्धन करते हुए बताया कि अंग्रेजी भाषा के काव्य साहित्य में भारतीयों का बहुत बड़ा योगदान है उन्होंने श्री अरविंद के अंग्रेजी काव्य एवम महान ग्रंथ सावित्री का , रविंद्र नाथ टैगोर एवम सरोजनी नायडू की अंग्रेजी काव्य रचनाओं के योगदान के बारे में बताया। पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा अपनी वार्ता रोचक तरीके से प्रस्तुत करते हुए उन्होंने समकालीन भारतीय अंग्रेजी भाषा के कवियों के योगदान के बारे में छात्राओं को बताया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन इंग्लिश डिपार्टमेंट की प्रवक्ता डॉ. पंकज कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनोरमा कौशिक, डॉ. रचना, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. सरिता, कनिका अग्रवाल, मोनिका व दामोदर घोष ने अपना सहयोग दिया। छात्राओं ने स्पीकर से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया ।



# सावधान मध्यप्रदेश में फ्रॉड लुटेरों का आतंक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से बढ़ता जा रहा हैं

**- भोपाल संवाददाता -**

रायसेन-मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में हाल ही में हुई वारदातें जिसमें रायसेन जिले के अलग-अलग क्षेत्र से निवासरत लोगों द्वारा किया गया फ्रॉड पैसों के लिए यह लोग लोगों से दोस्ती और व्यवहार का रूप देकर उनसे पैसे उधार लेते हैं और फिर लौटने का नाम नहीं लेते और कुछ जगह पर ऑनलाइन तरीके से फ्रॉड हुआ है जैसे मैं आपके खाते में 10 से ?20000 डाल रहा हूं या आपके खाते में ?50000 चले गए हैं । यह एक सोची समझी साजिश होती है।यह टेस्ट मैसेज में लिखकर भेजा जाता है और जो ना समझ व्यक्ति होते हैं उनसे कहा जाता है कि आपके वॉलेट अकाउंट में चला गया है आप मुझे वापस कर दीजिए। इस झांसे में बहुत से लोग पड़ चुके हैं तो आप भी सावधान रहें और कुछ जगह पर नौकरी के नाम पर पैसे लिए जाते हैं और फिर लौटने का नाम नहीं लिया जाता ऐसे ही शख्सों से हम आपको रूबरू कराते हैं तो ध्यान से इन लोगों की शक्ल देखिए पढ़िए और इन लोगों से तो सावधान रहना ही है और भी अन्य लोगों से सावधान रहें चाहे वह आपके परिवार के हों या आपके मित्र हो क्योंकि मैं भी इनमें से किसी न किसी घटना का शिकार हूं और मैं एक पत्रकार भी हूं तो मेरा काम है आपको परिचित कराना इन घटनाओं से आप सभी को अवगत कराना । इन्हीं घटनाओं से आईए जानते हैं उन लोगों की सूची और नाम जो फिलहाल इन घटनाओं और वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### न.1 पहली घटना-

बलराम लोधी पिता राम चरण लोधी भाई लाल सिंह लोधी निवासी भीमपुर ग्राम पंचायत अजीत नगर का रहने वाला यह व्यक्ति हर किसी से नौकरी के नाम पर या व्यवहारिकता पर पैसे ऐंठता हैं और काम भी नहीं करवाता ओर फिर पैसे लौटता भी नहीं है । लोग गिरगाड़ते रहते हैं इससे पैसे वापस मांगते रहते हैं ।यह लोगों को पागल बना देता है ।

### 2. दूसरी घटना

ग्राम पंचायत खमरिया सोनपुर में निवासरत सुरेश हरिराम राठौर इसकी पुत्री शिवानी राठौर मधु राठौर पुत्र विजय राठौड़ करण राठौर और साथ ही इसकी पत्नी भी कुल मिलाकर इसका पूरा परिवार लोगों से झूठे व्यवहार बनाते हैं झुटी रिश्तेदारी बनाते हैं फिर उन्हीं से पैसे उधार मांगते



*पहली घटना का शख्स बलराम लोधी पिता रामचरण निवासी भीमपुर ग्राम पंचायत अजीत नगर तहसील सुलतानपुर जिला रायसेन*

है। ये लड़कियां लड़कों को लुभाती हैं ओर पैसा लेने के बाद मुकर जाती हैं। लोगों से पैसे ऐंठना ही इनका काम हैं।

### 3.तीसरी घटना-

सानू बंसल निवासी सिलवानी उम्र 32 वर्ष इसका काम भी यही है लोगों से मित्रता का झूठा दावा करना मित्रता करना और फिर उनसे पैसे उधार लेकर ना लौटना ।

### 4. चौथी घटना

बारदात को अंजाम देने वाले दो व्यक्ति है जो पशु लोन के झांसे में लोगों से 10 हजार रुपए से लेकर 20 लाख रुपए तक लेते हैं ओर पैसे लेने के बाद कार्य भी नहीं करवाते ओर पैसे भी नहीं लोटते ऐसा ही रायसेन जिले से 30 व्यक्तियों से पैसे लेकर 10दिन का प्रशिक्षण दिलवा कर कहा बकरी पालन के लिए पशु लोन करवा रहे हैं तो किसी से 5हजार तो किसी से 50 हजार तो किसी से 5लाख रुपए लेकर गायब है



*दूसरी घटना का शख्स*
*नाम शानू बंसल निवासी सिलवानी उम्र 32*

**(अ)पहला नाम नाम दुर्गा प्रसाद पिता महिपाल निवासी सुल्तानाबाद भोपाल**
**(ब) दूसरा नाम धीरज सिंह पिता हनुमत आदिवासी निवासी कांठ रायसेन।**

### 5. पांचवीं घटना -

एक और घटना दिल दहलाने देने वाली है कुछ समय पहले एक व्यक्ति के पास फोन आता है कि उसका एलआईसी का पैसा आया है तो वह किसी भी फोन अकाउंट पर डलवा सकते हैं तो उस व्यक्ति ने अपने पड़ोसी से कहा कि आप अपने फोन पर डलवा लो ।यह सब मिली जुली घटना थी।यह लोग जानबूझकर इस घटना को अंजाम देने पर कायम थे क्योंकि कुछ आपसी रंजिश होने के कारण इनका यह अंजाम देने में कोई भी घटा या नुकसान नहीं था इन्होंने उस व्यक्ति को नंबर दिया और उस व्यक्ति के पास फोन आया उसने कहा कि मैं आपको उनके फोन पे पर पैसे डाल रहा हूं। आप एक काम करिए उनके अकाउंट में अल्टी पलटी पैसे करना है तो आप मुझे दस हजार रुपए डाल दिजिए। व्यक्ति द्वारा माना करने पर लुटेरे द्वारा कहा जाता हैं कि - लुटेरे ने कहा कि मेरी बात हो चुकी है सुरेश राठौड़ से मैं जानता हूं वह खमरिया का रहने वाला है और पिता हरिराम राठौर है उसने पूरे परिवार का विवरण समझाया उसके बाद होता क्या है उस शॉर्ट कॉल में कहा कि मैं आपको ?5000 सेंड कर रहा हूं और टेस्ट मैसेज में लिखकर भेजता है 50000 अमाउंट सेंड वॉलेट अकाउंट अब यह देखकर जो कस्टमर था वह चौंक जाता है और जो कॉल पर बात कर रहा था लुटेरा वह कहता है कि सॉरी मैंने आपके अकाउंट में ?50000 गलती से सेंड हो गया आप मुझे वापस कर दीजिए । कस्टमर वह अकाउंट चेक करता है देखता है पैसे नहीं आते हैं वह बार-बार कहता है मेरे पास पैसे नहीं आए हैं मेरे पास पैसे नहीं आए हैं अकाउंट में जितने पैसे है उतने ही है। वह इसके बाद यह कहता है कि आपके अकाउंट में कितने पैसे है चेक करके बताइए। कस्टमर चेक कर कहता है 15000 । तो वह लुटेरा कहता है कि यह आपके वॉलेट में चले गए हैं आप मुझे सेंड करेंगे इसके बाद आपके अकाउंट में आ जाएंगे तो यह गलती ना समझी में हो जाती है और वह पैसे सेंड कर देता है और कहता है कि अभी 13000हजार ही हुए हैं और पैसे डालो तब कहीं आपके अकाउंट में आएंगे। वह 50हजार तो इतने में वह कस्टमर समझ जाता है कि यह एक फ्रॉड है तो 13000 पर जाकर वह उसको कहता है कि भाई यह पैसे वापस कर दो वह लुटेरा कहता है कि आप और पैसे सेंड करेंगे तभी मैं आपको वापस करूंगा क्योंकि आपके पास ?50000 वैसे ही हैं मेरे तो। कस्टमर समझ जाता हैं और वह कहता है कि अब मैं आपको पैसे नहीं सेंड कर पाऊंगा क्योंकि आपने यह टेस्ट मैसेज करके भेजा था और आप मुझे पागल बना रहे थे तो वह फोन काट देता है और मोबाइल ऑफ कर लेता है तो भाइयों और बहनों आपने देखा इन घटनाओं से आप सावधान रहें और सुरक्षित रहें क्योंकि अधिकतर अपने ही लोग हमें घाटे में और चोट पहुंचाने का कार्य करते हैं। ओर यहीं पीछे धकेलना में लगे होते हैं यह सत्य घटना है और इन्हीं चंद दिनों की घटना है तो आप सभी सुरक्षित रहें खुश रहें घर पर रहे और समझदार और जागरुक बने रहें हैं। धन्यवाद आपका हितेषी पत्रकार।

---

*• गांव की बेटी ने इसी वर्ष की कक्षा 10 वी की परीक्षा में सबसे अधिक अंक एवं सफलता प्राप्त कर*

## विद्यालय, गांव शहर घर परिवार के गौरव में लगाए चार चांद

**संभागीय पत्रकार प्रभारी**

सुल्तानपुर - इंटखेड़ी- मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में तहसील सुल्तानपुर के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय इंटखेड़ी में




अध्ययनरत कक्षा 10वी छात्रा कु. निशा पिता रामसेवक शाक्या ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर के निवासी हैं। छात्रा द्वारा की गई पढ़ाई के प्रति मेहनत प्रशंसनीय हैं।जब घर परिवार वालों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उनकी बेटी दिन रात एक करके पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी और लगन से पढ़ाई में कठिन परिश्रम किया हैं। जिसका परिणाम सारे विद्यालय में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने पर प्रत्यक्ष प्रमाण है।गांव की बेटी ने गांव -परिवार, रिश्तेदारों सहित क्षेत्र वासियों का नाम रोशन किया है।

## मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में हुई तेज़ बारिश आंधी तूफान में उड़े खपड़े और कबेलू तो कहीं धराशाही हुए मकान



**संभाग प्रभारी पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन-मध्यप्रदेश राज्य में रायसेन जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत चौरा कामरौरा में 10मई दिन शुक्रवार की शाम से बहुत तेज हवा चलना शुरू हो गई, ओर धीरे धीरे 1घंटे के अंतराल में तेज हवा ने आंधी तूफान का रूप ले लिया जिससे लोग भयभीत हो गए फिर उन्होने ईश्वर का ध्यान किया किन्तु आंधी तूफान कम होने के बाद तेज बरसात होने लगी और हवा तेज होती गई पूरी रात तेज हवा पानी होता रहा।रात भर ग्रामीणों ने कैसे बिताई वहीं जाने । सुबह देखा तो किसी के घर से गाय बछड़े गायब हैं तो किसी के घर से कपड़े तो किसी के घर के कबेलू खपड़े तो किसी के घर की छत तो किसी किसी के मकान भी गिर गए हैं।

इसकी जानकारी ग्राम वासियों ने ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव दी तो घटना कोई नहीं पहुंचा। फिर पटवारी साहब को सूचना दी तो वह आए और एक जगह बैठकर जरा सा नुकसान हैं कुछ नही होता इससे इतना कहकर चले गए। ग्रामजनो की उम्मीद ओर विश्वास टूट चुका था। कि हम गरीबों की कोई भी नहीं सुनता। फिर प्रदेश खुलासा की टीम ने कवरेज किया तो सच में घटनाएं हुई हैं। जान मान की हानि से लोग बच गए किन्तु रोटी कपड़ा मकान जीवन की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हों जाए कुछ कुछ लोग। अधिकारियों का यह कैसा रूतवा हुआ की समस्या पर ध्यान केंद्रित नहीं किंतु बाकी सभी का ध्यान हैं। न तो सरपंच ने ध्यान दिया और न ही सचिव ने सुनी और पटवारी साहब कुछ कहा और ना ही तहसीलदार महोदय का कोई पता है अब तक।कोई प्रशासनिक कार्यवाही नही हुई अभी तक। सुनवाई एवं न्याय के लिए मांग की उम्मीद में कमरौरा निवासी।

# मतदान करने के दौरान बच्चे से वोट डलवा कर उसका वीडियो वाइरल करना पड़ा महंगा पुलिस ने की कार्यवाही




**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल के एक पोलिंग बूथ के अंदर बच्चे को ले जाकर उससे वोटिंग करवाना एक युवक को भारी पड़ गया युवक ने बच्चे से वोट डलवा कर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया जो वाइरल हो गया ।सोशल मीडिया पर युवक ने मतदान करते समय का वीडियो डाल कर अपने आप को मुसीबत में डाल दिया । मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो देख खुद ही संज्ञान लेकर कार्रवाई की । कटारा हिल्स थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मतदान करने के बाद युवक पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने युवक सुनिल कुमार शर्मा पर धारा 188 सहित अन्य धराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस युवक की खोजबीन कर रही है । जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर पर एफ आई आर दर्ज होने के साथ ही बूथ के पीठसीन अधिकारी संदीप सैनी, सहायक सी आर बाथम मनोज कुमार मौर्य और मदन गोपाल पटेल को सस्पेंड कर दिया गया है। तथा बूथ पर तैनात प्रधान आरक्षक संतोष को भी लाइन अटैच कर दिया गया है ।

# पुलिस द्वारा अवैध हथियारो के साथ तीन आरोपियों को दबोचा किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने वाले थे आरोपी



**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

थाना रातीबड़ पुलिस भोपाल को मुखबिर के जरिये से सूचना प्राप्त हुई है कि कलियासोत डेम तेरह न नम्बर गेट के पास एक काले रंग की मोटर साइकिल जिसके वाहन का नं नही दिखाई दे इसके लिए दोनो तरफ नं प्लेट पर काले रंग के टैप लगाया गया था। मोटर साइकिल पर तीन लडके सवार थे तीनों किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में छुरी रखकर घूम रहे थे। सूचना पाकर पुलिस बल मुखबिर द्वारा बताये स्थान कलियासोत डेम के पास के पास पहुंचा। जहाँ पर मुखबिर के बताये अनुसार तीन व्यक्ति मोटर साइकिल पर बैठे थे। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे पुलिस स्टाफ के द्वारा घेराबंदी कर पकडा।और तीनों को वाहन से नीचे उतार कर वाहन की जाँच करने पर पाया कि वाहन की नम्बर प्लेट पर टेप लगा कर वाहन का नम्बर छुपाने की कोशिश की गई है।तीनो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर पता चला की तीनों भोपाल के अलग अलग क्षेत्र के रहने वाले हैं । तीनों की तलाशी लेने पर तीनों ही के पास धारदार हथियार मिले आरोपियों का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का पाया जाने से मौके पर मिले हथियारों को जप्त कर पुलिस द्वारा आरोपीयों के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया।

# भीषण सड़क हादसा, शिक्षक व पत्नी की मौके पर मौत,

## पेड़ में टकराने से वाहन में चिपका दोनों शव को निकालने की मशक्कत जारी

**संवाददाता -राजू राय**

शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अमडीह महादेवा गांव के पास भीषण सड़क हादसा हुआ है छत्तीसगढ़ से ब्यौहारी की ओर आ रही स्कार्पियो वाहन महादेवा गांव के पास पेड़ से टकरा गई। जिसमें ब्यौहारी के साखी में पदस्थ शिक्षक एवं उनकी पत्नी की मौके पर मौत हो गई है, तो वहीं चालक गंभीर घायल हुआ है। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची , थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया की अमडीह महादेवा गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक छ्द्द 14 एम एल 0514 पेड़ से टकरा गई।जिसमें सवार शिक्षक सुधीर इक्का उम्र 40 वर्ष एवं उनकी पत्नी फूल जय सिया इक्का उम्र 35 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है ।तो वहीं वाहन चालक आर्यन इक्का गंभीर घायल हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी है, जानकारी लगने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और स्थानीय लोगों की मदद से वाहन चालक आर्यन इक्का को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया है जहां उसका उपचार शुरू हो गया है।जानकारी के अनुसार सुधीर सिक्का छत्तीसगढ़ के जसपुर के रहने वाले थे वह स्कूल की छुट्टियों में घर गए हुए थे और छुट्टियां खत्म होने के बाद वापस अपने कार्य पर पत्नी के साथ लौट रहे थे, तभी अमडीह महादेवा गांव के पास यह भीषण हादसा हो गया। जिसमें पति-पत्नी की मौत हो गई है।घटना को 1 घंटे बीत गए लेकिन दोनो शवो को वाहन से बाहर नहीं निकाला जा सका है।मौजूद पुलिसकर्मी का कहना है कि वाहन पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है और दोनों मृतकों के शव वाहन में चिपक गए हैं ।कटर मशीन से काट कर ही शव निकाला जाएंगे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है रेस्क्यू टीम पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।



# पद्मश्री सम्मान हौसले और जज्बे से भर देने वाला पल था डॉ. के.एस. राजन्ना के लिए



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

बचपन में अपने दोनों हाथ और पैर खो चुके, के.एस राजन्ना को जब राष्ट्रपति मुर्मु ने पद्मश्री से सम्मानित किया, तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पोलियो में दोनों हाथ-पैर खोने के बाद, डॉ राजन्ना ने जिंदगी से कभी हार नहीं मानी बल्कि घुटनों से चलना सीखा और मैकेनिकल इंजीनियर बनकर आत्मनिर्भर बने।लेकिन डॉ राजन्ना इतना करके रुके नहीं, अपनी शारीरिक कमजोरियों को दरकिनार करके वह उन लोगों की ताकत बने, जिनको सहारे की जरूरत थी। उन्होंने अपने जैसे हजारों दिव्यांगजनों को फिर से उठना और जीवन जीना सिखाया। एक दिव्यांग सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उनके प्रयासों को देखते हुए साल 2013 में कर्नाटक सरकार ने उन्हें दिव्यांगजनों के लिए राज्य आयुक्त बनाया था। समाज सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए पद्मश्री हासिल करने वाले डॉ. राजन्ना सही मायनों में इस सम्मान के हक़दार हैं और सबके लिए प्रेरणा भी।





# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर पाल धनगर समाज निकालेगा विशाल रैली

**अजय पाल**

शहडोल। शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, उमरिया, अनूपपुर में निवासरत पाल, धनगर, गडरिया, समाज के लोगों की बैठक में आगामी 31 में को माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की गई। पाल समाज के संभागीय अध्यक्ष कमलेंद्र पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे संभाग में निवासरत सभी स्वजातीयबंधु शहडोल नगर पालिका कार्यालय परिसर स्थित मानस भवन में उपस्थित होंगे। मानस भवन में समाज की सभा के साथ समाज में अच्छे काम कर रहे लोगों और कक्षा 10वीं, 12वीं में 75त्न से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। मानस



भवन शहडोल में भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा जो नगर के विभिन्न चौराहों से गुजरेगी।संभागीय अध्यक्ष ने बताया कि रैली में संभाग के लगभग 2000 सामाजिक बंधु उपस्थित रहेंगे।

## बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में संभागीय अध्यक्ष कमलेंद्र पाल समाज शहडोल, हीरा लाल पाल जिला अध्यक्ष पाल समाज शहडोल, संतोष पाल जिला अध्यक्ष पाल समाज उमरिया, नारायण पाल जिला अध्यक्ष पाल समाज अनूपपुर, रामविशाल पाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य शहडोल, शेषमणि पाल सरपंच , रामचंद्र पाल, उमाकांत पाल , ऐन, बी पाल, मुकेश पाल, शिवलाल पाल, रोहित पाल, दिनेश पाल, रामकुशल पाल, शैलु पाल, संदीप पाल, सज्जन पाल, रामप्रताप पाल, रामखेलवान पाल, रोशन पाल, मोहन पाल आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा नगरीय यातायात पुलिस भोपाल द्वारा एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया



**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात संबंधी जागरूकता के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देशन में नगरीय यातायात पुलिस भोपाल टीम द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान, प्रशिक्षण परिषद सुयश में एनसीसी केम्प के लगभग 500 कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, सेमिनार में एनसीसी की ओर से 4 एमपी बाटलियन सीओ एवं यातायात की ओर से अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-1/2 यातायात , सहायक पुलिस आयुक्त जोन-4, एनसीसी केम्प स्टॉफ एवं यातायात जागरूकता टीम उपस्थित रहें। यातायात टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कैडेट्स को यातायात नियमों की जानकारी दी गई साथ ही यातायात जागरूकता संबंधी वीडियों दिखाई गई, यातायात नियमों के पालन करने हेतु सहायक पुलिस आयुक्त जोन-4विजय कुमार दुबे द्वारा शपथ दीलाई गई एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। नगरीय यातायात पुलिस भोपाल द्वारा आम जनता से अनुरोध किया है कि आमजन यातायात नियमों का पालन कर यातायात व्यवस्था में सहयोग करें। किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात दूरभाष नं. 0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क करें तथा व्हाटसप न. 7587602055 पर भी बतायें। नगरीय यातायात पुलिस भोपाल सुगम और सुरक्षित यातायात प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता का हुआ संग्रहण शुरू

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

**रायसेन** – ग्रामीण अंचलों में घर बैठे का रोजगार उपलब्ध होता है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति तेंदुपत्ता वन से तोड़कर लाकर 25- 25 पत्तों का बंडल बना कर फड़ पर गिनाने ले जाते हैं। इस वर्ष तेंदुपत्ता पिछ्ले बीते सालों से काफ़ी अच्छा दाम मिल रहा हैं। 100 गिड्डी के 400 रु वन विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। ताकि जंगल में प्रकृति की सुरक्षा बनी रहे।



# पुलिस ने घेराबंदी कर बाबा जी को किया गिरफ्तार,मामला फर्जी दस्तावेजो से कोयला परिवहन

**संवाददाता -राजू राय**



शहडोल। रविवार की देर रात जिले के तीन थानो की पुलिस ने बाबा जी को एक पुराने प्रकरण में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद बाबा जी की सेहत खराब हो गई। जिन्हें उपचारार्थ स्व. लबकेश सिंह सिविल अस्पताल व्योहारी में भर्ती करवाया गया है जिनका उपचार जारी है। थाना प्रभारी ब्योहारी मोहन पड़?वार ने बताया कि वर्ष 2016 में एक ट्रक कोयला लोड़ करके कोयलांचल की ओर से रीवा की तरफ जा रहा था। जिसे तात्कालीन थाना प्रभारी ने चेकिंग के दौरान खड़ा करवाया। जब कोयला के दस्तावेज पुलिस ने मांगे तो उक्त दस्तावेज संदिग्ध पाये गये। मामले की जांच चल रही थी कि वर्ष 2020 में किशोरी लाल चर्तुवेदी निवासी बुढ़ार का नाम सामने आया। इसी बिना पर किशोरी लाल चर्तुवेदी उर्फ बाबा जी के खिलाफ प्रकरण धारा 420, 467, 468, 471 व 34 के तहत व्योहारी पुलिस ने दर्ज किया। इसी मामले में रविवार की देर रात लोकेशन के आधार पर व्योहारी, बुढ़ार और सोहागपुर थाने की पुलिस ने संभागीय मुख्यालय के कोनी तिराहा के पास घेरा बंदी किया। उसी दौरान रीवा की ओर से बाबा जी अपने निजी वाहन से शहडोल की तरफ आ रहे थे। जिन्हे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इसके बाद उन्हे ब्यौहारी थाना ले जाया गया। बता दें कि कोयले का व्यापार करने वाले बाबा जी कि तबियत ब्योहोरी थाना में अचानक बिगड़ गई। जिन्हे ब्यौहारी थाना प्रभारी मोहन पड़वार अपने बल के साथ इलाज करवाने स्व. लवकेश सिंह स्मृति सिविल अस्पताल ब्योहारी ले गये। जहाँ चिकित्सक नें उनके स्वास्थ्य का परिक्षण किया और उपचारार्थ शासकीय अस्पताल मे दाखिल कर लिया।

# कोविशील्ड टीके के दुष्प्रभाव : चैतन्य मिश्रा

**कैलाश कुमार – सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर । एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन से साइड इफेक्ट को लेकर कई तरह की चिंताएं सामने आई हैं। कंपनी ने माना है कि कुछ मामलो में वैक्सीन के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ब्रिटेन की एक अदालत में दवा कंपनी के खिलाफ 100 मिलियन पाउंड के क्लास एक्शन मुकदमे में यह स्वीकार किया कि टीका थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) का कारण बन सकता है।शायद इसी के चलते एस्ट्राजेनेका ने मार्केट से सभी वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला लिया है , अब कंपनी ने वैश्विक स्तर पर अपनी सभी वैक्सीन वापस मंगा रही है। इसी वैक्सीन को भारत में हम कोविशील्ड के नाम से जानते हैं. एस्ट्राजेनेका ने इस वैक्सीन को यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर तैयार किया था. वैक्सीन लेने के बाद मौत, ब्लड क्लॉटिंग और दूसरी गंभीर दिक्कतों के कारण एस्ट्राजेनेका कानूनी कार्रवाई का सामना कर रही है. कई परिवारों ने आरोप लगाया कि वैक्सीन के कारण गंभीर साइड इफेक्ट हुए हैं। भारत में कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर बवाल इसलिए मचा है कि यहां 80 फीसदी लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन ही लगाई गई है। भारत में उत्पादन के बाद भारत समेत दुनियाभर के और लोगों को भी कोविशील्ड वैक्सीन सप्लाई की गई। कोरोना महामारी से बचाने के लिए बनाई गई कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर हुए चौंकाने वाले खुलासे से देश-दुनिया के साथ भारत में भी बवाल मचा हुआ है। अब इस खुलासे में कितना दम है यह तो जांच के बाद ही सामने आएगा। लेकिन इसको लेकर जो तरह-तरह की अफवाहों का दौर चल रहा है, जो कि खतरनाक है। ऐसा माना जा रहा है कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने वालों को गंभीर साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। यानी हार्ट अटैक से लेकर अन्य गंभीर बीमारी हो सकती है। सोशल मीडिया में तो यह भी चल रहा है कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने चालों की अधिकतम आयु 10 वर्ष है। कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर देशभर में अलग तरह का माहौल बनाया जा रहा है। हालांकि कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी के साथ साथ विशेषज्ञ यह स्पष्ट कर चुके हैं साइड इफेक्ट्स डोज लेने के दो-चार महीने में हो सकता है। वह भी औसतन 1 लाख लोगों में से महज 6-7 लोगों में। ऐसे में इस वैक्सीन को लेकर किसी तरह का दुष्प्रचार नहीं खड़ा करना चाहिए।कोविशील्ड बनाने वाली ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन के कोर्ट में पहली बार वैक्सीन की खामी कबूल की है। कंपनी ने माना है कि वैक्सीन से थ्रॉन्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम जैसे खतरनाक गंभीर साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। इससे शरीर में खून के थक्के जमने लगते हैं। प्लेटलेट्स तेजी से गिरने लगती हैं, जिससे ब्रेन स्ट्रोक या कार्डियक अरेस्ट हो सकता है। हालांकि, कंपनी का कहना है कि बेहद दुर्लभ मामलों में ही ऐसे साइड इफेक्ट्स देखने को मिल सकते हैं। इसलिए सभी लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारत में कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर बवाल इसलिए मचा है कि यहां 80 फीसदी लोगों को कोनिशील्ड वैक्सीन ही लगाई गई है। भारत में उत्पादन के बाद भारत समेत दुनिया भर के और लोगों को भी कोविशील्ड वैक्सीन सप्लाई की गई। देश में कोविशील्ड की 175 करोड़ से अधिक खुराकें दी गई हैं। भारत में यह मामला अब उच्चतम न्यायालय में पहुंच गया है। याचिकाकर्ता ने कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए देखरेख में एक चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। दरअसल, ब्रिटेन में वैक्सीन लगने के बाद मौत, ब्लड क्लॉटिंग और दूसरी गंभीर दिक्कतों के कारण एस्ट्राजेनेका को पीड़ित परिवारों ने कोर्ट में घसीटा है। जिसके बाद एस्ट्राजेनेका कानूनी कार्रवाई का सामना कर रही है। परिवारों का दावा है कि वैक्सीन के कारण ही उन्हें गंभीर साइड इफेक्ट हुए हैं। कंपनी के खिलाफ कोर्ट में 51 मामलों में मुकदमा चल रहा है। कोरोना महामारी के दौरान एस्ट्राजेनेका ने इस वैक्सीन के फॉर्मूले को यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर तैयार किया था। वहीं बाद में भारत में इस वैक्सीन का उत्पादन अदार पूनावाला के सीरम इंस्टीट्यूट ने किया था। इसी वैक्सीन को भारत में हम कोविशील्ड के नाम से जानते हैं। कोरोना महामारी के दौरान भारत में कोविशील्ड के साथ-साथ कोवैक्सीन भी लगी थी। लेकिन लोगों को कोविशील्ड की ही डोज ज्यादा दी गई। उस समय ट्रेन, स्कूल, कॉलेज, दफ्तरों और अन्य कई स्थानों और सुविधाओं में वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट की मांग की जा रही थी। जिसके चलते उन लोगों को भी वैक्सीन लगवानी पड़ी, जो नहीं लगवाना चाहते थे। वहीं पिछ्ले कई महीनों से हंसते-बैठते और नाचते व जिम करते हुए लोगों की मौतें रहस्य बनी हुई हैं। इन सभी की अचानक हार्ट अटैक से सांसें थम गई।



# राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों का हुआ चयन मुरैना अंबाह में खेलेंगे



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर । जिला वालीबाल संघ अनूपपुर ने 69 वी राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल पुरुष महिला का दिनांक 12 मई 2024 को जिला खेल परिसर अनूपपुर में जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा की उपस्थिति में खिलाड़ियों का चयन किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 21 मई 2024 से 26 मई 2024 तक मुरैना जिले के अंबाह में होगी।इस प्रतियोगिता में जिले से 12 खिलाड़ियों का पुरुष वर्ग में एवं 12 खिलाड़ियों का महिला वर्ग में चयन किया गया है। इनके चयन पर जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा,उपाध्यक्ष सोमनाथ प्रचेता,अमित शुक्ला सचिव रामचंद्र यादव,सहसचिव एवं स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल,सहसचिव हरिशंकर यादव,जितेंद्र पनिका सहित सभी वालीबाल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य इन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए एवं चयन पर आशीर्वाद एवं बधाई दी है। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने चयनित महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों से कहा कहा आप लोग मुरैना अंबाह में अच्छा खेल का प्रदर्शन करके आईए आपका परफॉर्मेंस राष्ट्रीय स्तर के लिए भी अधिक से अधिक चयन हो इसके लिए मैं आपको आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देता हूं।

# पति को चल गया था पत्नी से भांजे के अवैध संबंध का पता, पत्नी ने घर में हत्या करवाकर शव को बाहर फेंक दिया



साधना शर्मा। शिवम उर्फ डान। सत्यम शर्मा।

**शिवपुरी।** फिजिकल थानांतर्गत अशोक बिहार कॉलोनी में निवासरत बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की हत्या पत्नी ने ही भांजे के साथ मिलकर करवाई। लाश करबला में फिंकवाने के बाद थाने जाकर लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्या का कारण भांजे के साथ अवैध संबंधों में पति का बाधक बनना बताया जा रहा है। पुलिस ने पत्नी साधना, भांजे शिवम के अलावा ग्वालियर निवासी साथी सत्यम को गिरफ्तार कर लिया है। दतिया के रहने वाले दो आरोपित फरार हैं। अशोक बिहार कॉलोनी में निवासरत बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर नितिन शर्मा के 4-5 मई की दरम्यानी रात घर से लापता होने की शिकायत पत्नी साधना ने दर्ज करवाई थी। 6 मई की सुबह लाश करबला में पड़ी मिली।

## फूल वाली पर जताया था संदेह

पुलिस ने पड़ताल शुरू की तो साधना ने पहले ही दिन एक फूल वाली पर संदेह जाहिर कर दिया। पुलिस ने फूल वाली से पूछताछ की परंतु उससे पूछताछ में सिर्फ इतना सामने आया कि उसके और नितिन के बीच संबंध थे परंतु उसकी हत्या में उसका कोई हाथ नहीं है।

## तब भी नहीं मिला पुलिस को कोई सुराग

साधना ने पुलिस को व्यापारिक प्रतिद्वंदिता की बात भी बताााईई, लेकिन वहां से भी पुलिस को कुछ सुराग नहीं मिला। अंततः मामले की विवेचक टीआई रजनी चौहान ने नितिन के उस घर से ही पड़ताल शुरू की तो नितिन के तीन जोड़े जूते उसके घर पर ही रखे थे। जो कपड़े वह गायब होने से पहले पहने हुए बताया गया वह भी उसे घर पर ही टंगे मिल गए।

## तब पुलिस को हुआ पत्नी पर संदेह

पुलिस को यहीं से साधना पर संदेह हो गया। जानकारी मिली कि साधना ने नितिन के साथ प्रेम-विवाह के लिए पहले पति को छोड़ दिया था। यह भी सामने आया कि पिछले एक साल से नितिन के घर पर ही उसका भांजा डॉन उर्फ शिवम पुत्र राकेश शर्मा उम्र 26 साल निवासी गोले का मंदिर ग्वालियर रह रहा था, जिसे नितिन ने इसलिए बुलाया था क्योंकि उसने सलैया पर एक ढाबा खोल लिया था।

# राज्य वनसेवा परीक्षा 2021 के साक्षात्कार 27 मई से, 63 पदों के लिए उम्मीदवारों को बुलाया

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य वनसेवा परीक्षा 2021 में चयनित उम्मीदवारों को साक्षात्कार का बुलावा भेज दिया है। अगले सप्ताह से इन उम्मीदवारों को पैनल अपने मापदंड पर परखेगी, जो 27 से 31 मई तक साक्षात्कार की प्रक्रिया चलेगी। 63 पदों के लिए 450 से अधिक उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। आयोग ने साक्षात्कार प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश व गाइडलाइन जारी की है। साक्षात्कार शुरू होने से घंटे भर पहले उम्मीदवारों को आयोग कार्यालय में मूल दस्तावेज लेकर पहुंचना होगा। मप्र लोक सेवा आयोग ने राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का अक्टूबर 2022 में रिजल्ट जारी किया था। 63 पदों के लिए 1700 उम्मीदवार चयनित हुए थे, जिसमें 1206 मुख्य और 569 प्रावधिक सूची में रखे है। ज्यादातर रेंजर के रिक्त पद है। 20 अगस्त को आयोग ने मुख्य परीक्षा आयोजित की, जो सिर्फ इंदौर के तीन केंद्रों पर करवाई गई। महीनेभर के बाद रिजल्ट घोषित किया गया।




## मूल प्रतियों से होगा दस?तावेजों का मिलान

450 से अधिक उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ है। आयोग ने 27 से 31 मई के बीच प्रक्रिया रखी है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि उम्मीदवारों को तय दिनांक पर साक्षात्कार के लिए पैनल के समक्ष प्रस्तुत होना है। उसके पहले उम्मीदवारों के जमा दस्तावेजों का मिलान मूल प्रतियों से किया जाएगा।

## जून से शुरू होगी परीक्षाएं

लोकसभा चुनाव के चलते आयोग ने अप्रैल-मई के बीच कोई परीक्षाएं नहीं रखी थी। कार्यक्रम में फेरबदल करते हुए जून से परीक्षा करवाने पर जोर दिया है। वैसे इन दिनों राज्य सेवा परीक्षा 2021 के साक्षात्कार चल रहे है, जो 24 मई तक चलेंगे। 290 पदों के लिए 1046 को साक्षात्कार की प्रक्रिया गुजर रहे है। इसके बाद सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 को लेकर परीक्षा होगी। आठ विषयों के 826 पदों के लिए रखी गई है, जिसमें बॉटनी (126), कॉमर्स (124), अंग्रेजी (200), हिन्दी (116), इतिहास (77), गृह विज्ञान (42), गणित (124), संस्कृत (17) शामिल है।

# विश्व की प्रथम नर्स का मनाया जन्मदिवस



**सम्भागीय संवाददाता हेमंत शाक्या**


फ्लोरेंस नाईटिंगल विश्व की प्रथम नर्स का जन्म दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में नर्स डे के रुप में दीप प्रज्वलित कर व केक काटकर मनाया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार जी ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव श्री संजय चौधरी तथा विशेष अतिथि श्रीमती विद्या पाटील जी उपस्थित थे साथ ही सभी कार्यरत नर्सिंग आफिसर उपस्थित थे कार्यक्रम में तीनों महानुभावों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये संघ के प्रांतीय सचिव श्री संजय चौधरी जी ने बताया की हमारी नर्स बहनों ने कोरोना के समय अपनी जान हथेली पर लेकर स्वास्थ्य सेवाएं दी जब कोई पेशंट को छुता नहीं था पुरे मानव समाज ने अपने अपनो से दुरी बनाई थी ऐसे समय में इन बहनों ने डिलेवरी कराई है साथ उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर फ्लोरेंस नाईटिंगल प्रथम नर्स थी पर हमारे भारत देश में प्रथम भारतीय महिला बाई काशी बाई गणपत प्रथम नर्स विदेश से सन 1891 मे प्रशिक्षित होकर आयी थी शासन के द्वारा उनके सन्मान भी राष्ट्रीय स्तर से उत्सव जारी करना चाहिए।

# हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना कैसे साकार होगी जब अभी भी चमार कौम के महापुरुषों व चमार रेजिमेंट का सम्मान नही?

**लेखक - गोपीलाल भारतीय(राष्ट्रीय अध्यक्ष)बाबू जगजीवन राम राष्ट्रवादी समता विचार मंच भारत**

आजाद हिन्द फौज के साथ आजादी के आन्दोलन में चमार रेजिमेंट का बहुत ही बड़ा योगदान रहा जिसके परिणामस्वरूप देश आजाद हुआ. देश के महान दलित समाज के नेता बाबू जगजीवन राम जो कि आजादी के लिए समर्पित होकर गांधीजी के साथी स्वतंत्रता सेनानी के रुप में काम कर रहे थे. जेल यात्रा कर रहे थे. वह देश के उप प्रधानमंत्री, बने रक्षा मंत्री रहते हुए भारत/पाकिस्तान युद्ध में कुशल नेतृत्व में विजय श्री भारत को दिलाई. तथा विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालय सकुशलता से संभाल करने देश की उन्नति, विकास पथ पर अग्रसर करने वाले महापुरुष को अभी तक ÷भारत रत्न÷ क्यों नहीं? इसी प्रकार हरियाणा राज्य के दलित नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे चमार समाज में जन्में चौधरी चांद राम जीवन को भी अभी तक सम्मान अर्थात ÷÷ भारत रत्न ÷क्यों नहीं जिस चमार रेजिमेंट ने अंग्रेजी हुकूमत से विद्रोह कर देश की आजादी के लिए आजाद हिन्द फौज के साथ संघर्ष किया उस चमार रेजिमेंट को सम्मान अर्थात÷ भारत रत्न ÷क्यों नहीं? और न ही अभी तक बहाली? जबकि अभी तक सैकड़ो राजनेताओं, महापुरुषों को सम्मान के रुप में *भारत रत्न÷ दिये जा चुके है. उनमें चमार समाज के एक भी महापुरुष को, एक भी राजनेताओं को और तो और भी स्वतंत्रता आन्दोलन के महानायक को ÷भारत रत्न÷ क्यों नहीं?



क्या इस प्रकार का भेदभाव चमार समाज के साथ घृणा, नफरत का प्रतीक नहीं है? और न ही चमार समाज के महापुरुषों के नाम पर सरकारी योजनाओं के नामकरण क्यों नहीं? मध्यप्रदेश राज्य के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर मनीराम अहिरवार जी जो की स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान सन 1942 में अंग्रेजी फौज से युद्ध कर गौड़ राजा के महल की सुरक्षा करते हुए अंग्रेजी सेना को मार कर गांव से पूरी अंग्रेजी सेना को खदेड़ने में विजय प्राप्त की थी. वह इस कारण अंग्रेजी फौज के शिकार होकर शहीद हुए. उस चमार समाज के महायौद्दा वीर मनीराम अहिरवार को अभी तक शहीद का दर्जा क्यों नहीं? यह तो इस कौम के महान क्रांतिकारियों के साथ घोर नफरत की भावना प्रतीत होती है. जो की सम्पूर्ण समाज में आज ऐसे मौका परस्त दोगले नेताओं की निंदा का विषय बना हुआ है. देश व प्रदेश में अभी तक जो भी सरकारें रही उन्हें इस कौम के ऐसे महापुरुष का ध्यान क्यों नहीं रखा. मध्यप्रदेश राज्य के चमार समाज में जन्में राजनेताओं जैसे कि राजाराम सिंह जी, बाबू अंतमदास जी, बाबू मंगल सिंह जी, दुर्गा दास सूरवंशी जी, हीरालाल पिप्पल साहब जी, सज्जन सिंह विशवनार आदि चमार कौम के महान क्रांतिकारी नेताओं को सम्मान अर्थात उनकी प्रतिमाएं तक शहरों में स्थापित क्यों नहीं? जबकि अन्य समाजों के स्थानीय नेताओं की प्रतिमाएं स्थापित हो चुकी है. इस तरह चमार समाज के हिंदू सनातन धर्म के महान संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज जैसे ज्ञानी संत ने जन्म लेकर देश में एकता, भाईचारा, सौहार्द्र बनाकर कुरीतियों का उन्मूलन कर सनातन संस्कृति की रक्षा की है. तथा शांति के संदेशवाहक रहे है जिस कौम के महापुरुषों, राजनेताओं, स्वतंत्रता आन्दोलन के महानायकों को सम्मान दिये बिना भारत कैसे हिंदू राष्ट्र बनाया जा सकता है. चमार समाज भी हिन्दू सनातन धर्म व संस्कृति का अभिन्न अंग है फिर उनके साथ घृणा, नफरत का भाव रखते हुए हिंदू एकता कैसे हो सकती है, चमार कौम हिन्दू तीज, त्यौहार, उपासना कर हिंदू धर्म को बड़े भाव से धर्म मानती है, और समर्थन भी करती आ रही है. भले ही, यह कौम अपने दलितों के उध्दार बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी को जिन्होंने भारतीय संविधान में अधिकार देकर जीने का हक दिलाया उन्हें भी प्रमुखतः से जन्म उत्सव बड़े पैमाने पर मनाकर खुशियाँ मनाती है लेकिन वास्तविक रूप से वह हिन्दू संकृति को मानना नहीं भूलते समय रहते इस कौम का सम्मान करना समीचीन है. चमार कौम का इतिहास के पन्नों में, स्वाभिमान एवं बहादुरी समाज का रहा है तभी देश आजाद हुआ जिनके महापुरुषों का सम्मान होना आवश्यक है. इस कौम से नफरत व घृणा रखते हुए देश कभी भी हिन्दू राष्ट्र नहीं बन सकता अतऱ्बराबरी का भाव, मान-सम्मान चमार समाज के महापुरुषों को दिया जाना चाहिए।

रेल यात्री कृपया ध्यान दें!

# मुंबई से हावड़ा जाने वाली दुरंतो एक्सप्रेस दो दिन रहेगी रद, गंतव्य से पहले प्रारंभ होगी ये ट्रेनें



**रायपुर।** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफार्म विस्तार के साथ स्टेशन और स्टेशन यार्ड में नान इंटरलाकिंग का काम कराया जा रहा है। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दोनों तरफ से दुरंतो एक्सप्रेस को रद किया गया है। साथ ही तीन ट्रेनों को गंतव्य से पहले दादर स्टेशन में समाप्त करने और चार ट्रेनों को गंतव्य से पहले दादर स्टेशन से ही शुरू करने का फैसला लिया गया है। रेलवे के इस निर्णय से रायपुर, बिलासपुर समेत अन्य जिलों के यात्रियों को मुंबई और हावड़ा आने-जाने में परेशानी होगी। रायपुर रेल मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक, 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस और दो जून को सीएसएमटी से चलने वाली ट्रेन नंबर 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस रद रहेगी। साथ ही 16 मई से 31 मई तक हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा-सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस गंतव्य से पहले दादर स्टेशन में समाप्त होगी। जबकि 18 मई और 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई को हावड़ा से चलने वाली ट्रेन नंबर 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई और एक जून को गोंदिया से चलने वाली ट्रेन नंबर 12106 गोंदिया-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी।

### गंतव्य से पहले प्रारंभ होगी ये ट्रेनें

एक जून को सीएसएमटी से चलने वाली ट्रेन नंबर 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारंभ होगी। दो जून को सीएसएमटी से चलने वाली ट्रेन नंबर 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारंभ होगी। एक और दो जून को सीएसएमटी से चलने वाली ट्रेन नंबर 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारंभ होगी। एक जून को सीएसएमटी से चलने वाली ट्रेन नंबर 12105 सीएसएमटी-गोंदिया एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारंभ होगी।

# नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई पर अमित शाह ने की छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ, बोले- जल्द पूरी तरह हो जाएगा सफाया

**रायपुर।** गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में विष्णु सरकार के आने के बाद यहां नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई के दौरान मिल रही अभूतपूर्व सफलताओं के लिए सरकार की पीठ थपथपाई है। गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद मात्र साढ़े चार महीने के अंदर 112 नक्सली मारे गए हैं, लगभग 375 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और 153 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। 5 महीने में अभियान को जबरदस्ती सफलता मिली है। शाह ने कहा कि अब प्रदेश के 3-4 जिलों में ही नक्सली बचे हैं और आगामी 2-3 वर्षों में देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। कांग्रेस द्वारा इसे फेक एनकाउंटर कहे जाने पर अमित शाह ने गोस्वामी तुलसीदास के एक दोहे का उदाहरण देते हुए कहा कि जिसका बुरा समय आता है, भगवान सबसे पहले उसकी मति हर लेता है। कांग्रेस पार्टी के साथ यही हो रहा है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनका आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल x पर उन्होंने लिखा है कि, हम नक्सल समस्या के स्थायी समाधान की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के पश्चात नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में तेजी आई है। मात्र साढ़े चार महीने की सरकार में नक्सली लगातार मारे जा रहे हैं, गिरफ्तार हो रहे हैं या सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं।




# जिम में वर्कआउट करते मौत, ट्रेडमिल पर दौड़ रहा था युवक, चंद सेकेंड में थम गई सांसें

**रायपुर।** रायपुर के भनपुरी स्थित स्पेज जिम में बुधवार को एक्सरसाइज करते समय 17 साल के नाबालिग की संदिग्ध मौत हो गई। सुबह वह रोजाना की तरह ट्रेडमिल में दौड़ रहा था। तभी वह अचानक बेहोश होकर गिर गया। इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। खमतराई थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि सत्यम राहंगडाले (17) भनपुरी के धनलक्ष्मी नगर का रहने वाला है। वह रोज की तरह सुबह जिम करने पहुंचा था। जिम में ट्रेड मिल में दौड़ रहा था। इसी बीच वह बेहोश होकर अचानक गिर गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, मौत के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह का पता चल सकेगा।



### स्वजन शव लेकर बालाघाट रवाना

घटना के बाद स्वजन शव लेकर मध्य प्रदेश में बालाघाट जिले के लांजी रवाना हो गए हैं। पिता सुभाष राहंगडाले मसाला कारोबारी हैं। दो लड़कों में सत्यम बड़ा लड़का था। हाल ही में उसने कृष्णा इंग्लिश मीडियम स्कूल धनलक्ष्मी नगर से 10वीं की परीक्षा पास की थी।

**एक माह पहले आइपीएस की बिगड़ी थी तबियत**

एक महीने पहले 18 अप्रैल को जगदलपुर के सिटी एसपी ट्रेनी आइपीएस उदित पुष्कर (32) की जिम में वर्कआउट समय तबियत बिगड़ी थी। उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। हालांकि इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर हो गए थे।

# माइनिंग परिवहन में विवाद की वजह से हुई कांग्रेसी नेता की हत्या, दो दिन रेकी के बाद विक्रम बैस को उतारा मौत के घाट

**नारायणपुर।** कांग्रेसी नेता व मालक परिवहन संघ के सचिव विक्रम बैस की हत्या में पत्रकार मनीष राठौर मुख्य आरोपित है। वह प्रदेश के प्रमुख अखबार से जुड़ा है। यह मामला निको जायसवाल कंपनी के आमदई स्थित खदान से आयरन ओर परिवहन के विवाद से जुड़ा है। इसके पहले खदान से जुड़े भाजपा नेता रतन दुबे, सागर साहू और कोमल मांझी की हत्या नक्सलियों द्वारा किए जाने की बात सामने आ चुकी है। आरोपितों ने इसी बात का फायदा उठाकर इस हत्या को नक्सलियों द्वारा की गई हत्या का रूप देने का प्रयास किया था। पर साइबर एनालिसिस के आधार पर पुलिस ने इस हत्याकांड का 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। हत्या के छह आरोपितों को नारायणपुर पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, पर मुख्य आरोपित मनीष राठौर अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिसे पकड़ने स्पेशल टास्क फोर्स गठित किया गया है।



### डेढ़ महीने पहले रचा था हत्या का षड्यंत्र

पुलिस के अनुसार मामले में बारीकी से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज व साइबर एनालिसिस के आधार पर नारायणपुर के पत्रकार मनीष राठौर का नाम सामने आया। मनीष राठौर ने ही जसप्रीत सिंह सिद्धू, विश्वजीत नाग, विप्लव एवं विवेक अधिकारी के साथ मिलकर लगभग डेढ़ महीने पहले हत्या का षड्यंत्र रचा था। भिलाई के इंडियन काफी हाउस में पिस्टल खरीदने व हत्या की योजना के लिए मनीष राठौर, विश्वजीत नाग, राजीव रंजन, संदीप यादव और सैमुआल ने मीटिंग की थी। हत्या में उपयोग हुआ पिस्टल बिहार के सिवान से लाया गया था। घटना को अंजाम देने के पहले दो दिनों तक आरोपितों ने मृतक की रेकी की थी। घटना के दिन मृतक विक्रम बैस को अकेला पाकर आरोपित संजू यादव और विश्वजीत नाग ने मिलकर गंडासा से वार कर दिया। पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना मे प्रयुक्त पिस्टल को मनीष राठौर के गोदाम में छुपा दिया गया था। घटना की विवेचना के बाद नारायणपुर थाना में अपराध धारा 302, 34 भादवि का अपराध दर्ज किया गया है। प्रकरण में दुर्ग, रायपुर व बिलासपुर की एसीसीयू टीम व साइबर की सहायता से जानकारी एकत्रित की गई। इसी आधार पर अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा कर आरोपितों को पकड़ कर रिमांड पर भेजा गया है।

भीषण गर्मी से जल्द मिलेगी राहत,

# छत्तीसगढ़ में मानसून के एंट्री की IMD ने बता दी तारीख, जानिए रायपुर में कब देगा दस्तक

**रायपुर।** मौसम विभाग ने इस साल मानसून के आगमन को लेकर पूर्वानुमान जारी कर दिया है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून सबसे पहले 13 जून को बस्तर पहुंचेगा। इसके बाद 16 जून को रायपुर और 21 जून तक पूरे प्रदेश को कवर करते हुए अंबिकापुर तक फैल जाएगा। केरल में मानसून 31 मई को पहुंचने की संभावना जताई गई है। बता दें कि पांच साल पहले केरल से छत्तीसगढ़ में मानसून आने में 10 दिन का समय लगता था अब वह बढ़कर 14 से 15 दिन हो गया है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान से साफ है कि मानसून पिछली बार की तुलना में इस बार बस्तर सहित रायपुर और अंबिकापुर तक जल्दी पहुंच जाएगा। इसी बीच मौसम विभाग का आंकलन है इस बार पिछले वर्ष से अच्छी वर्षा होगी। मौसम विभाग द्वारा कुछ दिनों पूर्व जारी किए गए मानसून सहित वर्षा के पूर्वानुमान के अनुसार इस साल वर्षा 106 प्रतिशत होने की उम्मीद है। इस साल सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। इसका मुख्य कारण अलनीनो का कम होता असर कहा जा रहा है। जिसके कारण इस साल अच्छे मानसून की संभावना है। अच्छी बारिश से किसानों को फसल उत्पादन में काफी मदद मिलेगी।



**बदल गई मानसून के आने की सामान्य तारीख:** 2021 के पहले तक रायपुर में मानसून आने की सामान्य तारीख 13 जून थी। उसके बाद 16 जून और जगदलपुर 8 जून से 13 जून और अंबिकापुर में कोई बदलाव नहीं होता दिखाई दे रहा है। 50 साल पूर्व के रिकार्ड का अध्ययन करके बदला गया था।

# बच्चे संभालने की बात पर हुआ झगड़ा, गुस्साए पति ने पत्नी की पत्थर से कुचलकर कर दी हत्या

**बलौदाबाजार।** बच्चे को संभालने की बात को लेकर उपजे विवाद के दौरान गुस्साए पति ने पत्थर से मारकर पत्नी की हत्या कर दी। घटना के एक घंटे बाद बलौदाबाजार पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया। यह घटना बुधवार रात, आजाद चौक स्वीपर कालोनी बलौदाबाजार की है। बलौदाबाजार पुलिस के अनुसार आजाद चौक स्वीपर कालोनी निवासी विनय दुबे और उसकी पत्नी सरस्वती दुबे अपने आठ माह के बच्चे को लेकर बुधवार रात आठ बजे सामान खरीदने के लिए बाजार गए थे। रात आठ बजे सामान खरीदकर घर वापस आए उसी दौरान बच्चे को संभाल नहीं सकते हो कहकर दोनों के बीच विवाद हुआ विनय दुबे ने अपनी पत्नी से गाली गलौज कर मारपीट किया। इसी दौरान सरस्वती दुबे आंगन में गिर गई। इसके बाद विनय ने आंगन में रखे पत्थर को उठाया और सरस्वीर के सिर पर जोरदार मारते हुए उसकी हत्या कर दी। खून से लथपथ मृत पड़ी सरस्वती के शव को उसके पति ने सरस्वती मर गई है कहकर उसका हाथ पकड़कर घर के सामने नाली में सीढ़ी के पास फेंक दिया और एम्बुलेंश लाने जा रहा हूं कहकर घर से फरार हो गया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आसपास पतासाजी के बाद आरोपित पति विनय दुबे की तलाश जारी कर दी। एक घंटे बाद टीम ने फरार आरोपित विनय दुबे को टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।



# नर्मदा तट शोकलपुर घाट पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 36 जोड़ों का विवाह संपन्न।



संवाददाता हल्के वीर

देवरी। नर्मदा घाट शोकलपुर पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें हल्दी चंदन और मेहंदी के लैप से सजे 36 नवयुगल जोड़ों ने सुबह 9:00 से पहले ही नर्मदा तट पर परिजनों और रिश्तेदारों के साथ उपस्थित हुए थे जहां से सभी दूल्हे राजाओं की सामूहिक बारात बैंड बाजे के साथ प्रारंभ हुई परिग्रह संस्कार प्रारंभ हुआ जहां पर पंडित द्वारा 36 युगल जोड़ों का विवाह संपन्न किया गया। नर्मदा तट शोकलपुर पहुंचकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।

## कलम



क़लम के शब्द तीखे हैं, लिखें तो कलम कर देती।
मिटाती,तम, उजाला कर,कलम अंधकार हर लेती।
कलम के जो दीवाने हैं,कलम से नेह रखते हैं
कलम, है शब्द की ताकत,,कलम सब कुछ सिखा देती

ऊंचे भाव लिखने की कलम ही शक्ति देती है।
सीख पाते जो लिख पढ़कर,कलम ही भक्ति देती है।
बड़े संगीन, मसलों का कलम ही हल करवाती है
गुनाह से युक्ति देती है, जुर्म से मुक्ति देती है

कलम ही बंद कक्षों में विद्या दान सिखाती है।
कलम ही काव्य का सृजन हमें सम्मान दिलाती है।
कलम तलवार से पैनी,कलम के बोल तीखे हैं।
कलम से अस्त है जीवन,कलम जीना सिखाती है

कलम से प्यार कर गोपी,कलम अस्मत बचाती है ?
कलम का दीवाना पन ऐसा सदा खिदमत कराती है।
अगर नफरत है मन में कलम से कलम करदेना
कलम की धार का मारा जिंदगी भर तडपाती है।

# अनुसूचित जाति के संघर्षशील व जुझारू नेता श्री शिवप्रसाद जी का निधन

मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल

भोपाल। अहिरवार समाज के वरिष्ठ नेता जो की दिन व रात समाज हितों के लिए संघर्ष कर भोपाल में जन जन के लिए समर्पित थे. श्री शिवप्रसाद अहिरवार जी जिनका दिनांक 14 / म ई को निधन हो गया है जो कि सच्चे समाज हितैषी थे. जिनका लम्बे अरसे से इलाज चल रहा था उन्हें दमा की परेशानी थी. इनका अनुसूचित जाति एवं सर्व समाज के लिए हमेशा सुख दुख में साथ देने योगदान रहता था. इसलिए उन्हें हर वर्ग के चहेते माने जाते थे. वह पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी के करीबी थे. जिन्हें मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की अहम पदों की जबावदारी सौपी जाती थी. वह अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग में प्रदेश संयोजक पद पर थे. तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में रहते हुए समाज सेवा करते थे बहुत ही संघर्षशील व जुझारू नेता थे. वे मध्यप्रदेश के अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद दर्जा दिलाने के आंदोलन से जुड़े थे. उनका संघर्ष रहा था की हमारे महापुरुष जो की देश की आजादी में अंग्रेजों से लडते लडते शहीद हुए थे उन्हें शहीद का सम्मान देकर परिवार के उत्तराधिकारी को सम्मानित क्यों नहीं किया. वह राजनैतिक दल से ऊपर उठ कर संघर्ष किया करते थे. मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जब अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान का जब अविस्मरण किया था तब उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया था तब उन्होंने साफ तौर पर कांग्रेस के नेताओं से बोला कि कांग्रेस द्वारा शहीद वीर मनीराम जी की अनदेखी अभी तक क्यों की? तब जाकर उनके प्रयास से पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव कांग्रेस वचन /घोषणा में शहीद मनीराम अहिरवार जी की जन्मभूमि पर स्मारक व भवन बनवाने का वचन दिया था. ऐसे महान संघर्ष करने वाले श्री शिवप्रसाद अहिरवार जी के निधन पर अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित है. संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत, श्रमिक कल्याण संघ भोपाल, आदि संगठनों की ओर से श्री शिवप्रसाद अहिरवार जी के निधन पर दुख प्रकट करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है. सतगुरु रविदास जी महाराज उनको अपने चरणों में स्थान प्रदान करें।



# Dharmendra ने सबसे ज्यादा निभाया है यह किरदार सिर्फ एक रोल से हर बार हिट हो जाती थी फिल्म

**इंदौर।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर धर्मेंद्र आज भी अपनी एक्टिंग से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। अपने समय में तो वे सभी एक्टर्स को पीछे छोड़ ही देते थे, लेकिन अभी भी वे यंग एक्टर्स को मात देते हैं। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी करियर में कई सुपरहिट फिल्में की हैं। उन्होंने कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन सबसे ज्यादा उन्होंने फिल्मों में चोर का किरदार निभाया है। कहा जाता है कि हिंदी सिनेमा के पर्दे पर एक चोर का किरदार धर्मेंद्र से बेहतर किसी ने नहीं निभाया है। जब भी वे फिल्मों में चोर का किरदार निभाते थे, लोगों को काफी दिलचस्पी होती थी और इसके कारण फिल्म हर बार हिट जाती थी। धर्मेंद्र के रोल के लिए एक्साइटेड रहते थे दर्शक साल 1973 में रिलीज हुई फिल्म लोफर में भी धर्मेंद्र ने एक चोर का किरदार निभाया था। फिल्म में



धर्मेंद्र के साथ-साथ मुमताज, ओम प्रकाश, फरीदा जलाल, प्रेम नाथ, रुपेश कुमार अहम रोल में नजर आए। फिल्म का संगीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने दिया था। लोफर फिल्म 1961 की अमेरिकन फिल्म पॉकेट फुल ऑफ मिरेकल की अडॉप्टेशन थी। इस फिल्म में फरीदा जलाल की उम्र काफी कम थी। वे एक बेहतरीन अदाकारा के रूप में निखर कर आईं। फिल्म के गाने भी जमकर फेमस हुए थे। वहीं, इसी साल रिलीज हुई फिल्म कहानी किस्मत की रिलीज हुई थी। फिल्म में धर्मेंद्र और रेखा लीड रोल में नजर आए थे।

### हर बार हिट होती थी फिल्म

कहानी किस्मत की फिल्म की स्टोरी प्रकाश मेहरा के पास थी, धर्मेंद्र ने यह स्टोरी अर्जुन हिंगोरानी के लिए ले ली थी। फिल्म की कहानी अच्छी थी, लेकिन स्क्रीनप्ले दमदार नहीं था। इस फिल्म में भी धर्मेंद्र चोर बने थे और एक बार फिर फिल्म सुपरहिट साबित हुई। साल 1973 में ही रिलीज हुई एक और फिल्म जुगनू में भी धर्मेंद्र ने चोर का ही किरदार निभाया था।

# कान्स 2024 से ऐश्वर्या राय ने जीता फैंस का दिल



## गोल्डन ब्लैक गाउन में लगा दिए चार चांद

**इंदौर।** कान्स 2024 इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हर बार की तरह इस बार भी ऐश्वर्या राय ने फैंस का दिल जीत लिया है। इस समय इंटरनेट पर हर जगह ऐश्वर्या का लुक छाया हुआ है। एक्ट्रेस के इस लुक ने हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया। सोशल मीडिया पर कान्स 2024 से ऐश्वर्या राय की तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें एक्ट्रेस ब्लैक और गोल्डन रंग की बटरफ्लाई ड्रेस में नजर आ रही हैं। उनका ये लुक काफी पसंद किया जा रहा है। अपने लुक को पूरा करने के लिए एक्ट्रेस ने गोल्डन कलर के इयररिंग्स पहने हैं और मिनिमम मेकअप किया है।

### रेड कारपेट पर ऐश्वर्या राय का जलवा

ऐश्वर्या राय हर बार Cannes 2024 में अपने लुक से फैंस को इंप्रेस कर देती हैं। इस बार भी ऐसा ही कुछ हुआ है। ऐश्वर्या की तस्वीरें जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई, हर कोई उनकी काफी तारीफ कर रहा है। फैंस भी उनकी फोटोज पर तरह-तरह के कमेंट कर उनकी तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा, हर बार की तरह शानदार। वहीं, एक और ने लिखा, बेहद ग्रेसफुल लुक। बता दें कि पहली बार ऐश्वर्या साल 2002 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुई थीं।




### ऐश्वर्या के हाथ में फ्रैक्चर

उन्होंने लॉरियल पेरिस के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर इस बार भी रेड कारपेट पर चार चांद लगाए हैं। इस बार भी ऐश्वर्या के लुक का काफी इंतजार किया जा रहा था और आखिरकार उनकी झलक सोशल मीडिया पर आ ही गई। ऐश्वर्या बुधवार को फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हुई थीं। मुंबई एयरपोर्ट पर उन्हें अपनी बेटी आराध्या के साथ देखा गया था। ऐश्वर्या के लुक में एक चीज ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा और वो था उनके हाथ में फ्रैक्चर। वे अपने फ्रैक्चर के बाद भी फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुईं।

# Nepal ने भी भारतीय मसाला कंपनियों पर की कार्रवाई

## MDH और Everest के मसालों पर लगाया बैन









**काठमांडू।** हांगकांग के बाद अब नेपाल ने भी दो मसाला कंपनियों के उत्पादों के आयात और बिक्री पर रोक लगा दी है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने MDH और Everest जैसी मसाला कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड होने की आशंका के कारण यह फैसला लिया है। नेपाल ने खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने इन दोनों कंपनियों के मसालों में संदिग्ध केमिकल व एथिलीन ऑक्साइड की जांच भी शुरू की है।

### एथिलीन ऑक्साइड से कैंसर का खतरा

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता मोहन कृष्ण महाराजन ने जानकारी दी है कि स्ष्ठ॥ और श्व1द्गह्म्द्गह्यह्ल कंपनी के मसालों को नेपाल में आयात में फिलहाल 7 दिनों के लिए बैन किया गया है। इन दोनों कंपनियों के मसालों की बिक्री पर भी बैन लगा दिया गया है। इन दोनों कंपनी के मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि तय मानक से ज्यादा एथिलीन ऑक्साइड होने पर कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।

### पहले हांगकांग भी कर चुका है कार्रवाई

आपको बता दें कि कुछ समय पहले ही हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (CFS) ने भी कहा था कि इन दोनों कंपनियों के प्रोडक्ट में एथिलीन ऑक्साइड है, जिससे कैंसर होने का खतरा बढ़ता है। हांगकांग ने स्ष्ठ॥ और Everest के चार मसाला उत्पादों पर बैन कर दिया था। इस बीच ब्रिटेन की खाद्य मानक एजेंसी (स्नस्न्र) ने गुरुवार को जानकारी दी कि एथिलीन ऑक्साइड के अधिकतम स्तर के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) है। ब्रिटेन में एथिलीन ऑक्साइड पर प्रतिबंध है।

# ईपीएफओ ने शुरू की ऑटो-क्लेम सेटलमेंट सुविधा, अब 3 से 4 दिन में अकाउंट में आ जाएगा पैसा




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने यूजर्स को खुशखबरी दी है। श्वक्कस्नह्र ने आवास, शादी और एजुकेशन के लिए ऑटो-क्लेम सेटलमेंट की सुविधा शुरू की है। अब एडवांस के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्लेम करने के तीन से चार दिनों में पैसा खाते में जमा हो जाएगा। ऑटो-क्लेम सेटलमेंट की लिमिट बढ़ा दी गई है। इसे पचास हजार से एक लाख रुपये कर दिया गया है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, ईपीएफ योजना 1952 के अंडर पैरा 68के (शिक्षा और विवाह) और 68बी हाउसिंग के तहत दावों को ऑटो-क्लेम सेटलमेंट सुविधा के अंतर्गत लाया गया है। इसके लिए ईपीएफओ ने ऑटो क्लेम सॉल्यूशन लॉन्च किया है।

### 3 से 4 दिनों में होगा क्लेम सेटलमेंट

बता दें ऑटो सेटलमेंट में मानवीय हस्तक्षेप की जरूरत नहीं पड़ेगी। केवाईसी और बैंक वेरिफिकेशन के जरिए किया जाने वाला क्लेम ऑटोमैटिक तरीके से होगा। जहां पहले एडवांस क्लेम सेटलमेंट होने में 10 से 15 दिन लगते थे। अब 3 से 4 दिनों में पूरा हो जाएगा।

### क्लेम रिटर्न या रिजेक्ट नहीं होगा

एडवांस रुपये के लिए अगर कोई क्लेम सेटलमेंट आईटी सिस्टम से नहीं होता है, तो रिटर्न या रिजेक्ट नहीं होगा। इस क्लेम को अप्रूवल के जरिए सेटल किया जाएगा। इस नई व्यवस्था को 6 मई 2024 से लागू किया जा चुका है। श्वक्कस्नह्र के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 4.45 करोड़ दावों हल किया गया था। इनमें 2.84 करोड़ दावे रकम निकासी को लेकर थे। लोगों ने चिकित्सा, विवाह और एजुकेशन पर पैसों के लिए दावे किए थे। 89.52 लाख क्लेम ऑटो-मोड से सेटल किए गए थे।

# भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों को दिया तोहफा, एफडी पर बढ़ाया ब्याज

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ग्राहकों को बड़ा तोहफा दिया है। बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। नई एफडी दरें 15 मई, 2024 से प्रभावी है। एसबीआई ने 46 से 179 दिन, 180 से 210 दिन और 211 से एक साल से कम अवधि पर ब्याज दरों में 25 से 27 आधार अंक (BPS) की वृद्धि की है। स्टेट बैंक ने आखिरी बार 27 दिसंबर 2023 को एफडी पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की थी।

### एसबीआई के फिक्स्ड डिपॉजिट की न दरें

भारतीय स्टेट बैंक जमा अवधि के आधार पर अलग-अलग फिक्स्ड डिपॉजिट ब्याज दरों की पेशकश करता है। 7 दिनों से लेकर 45 दिनों की अवधि पर ब्याज दर 3.50त्न है। 46 दिनों से 179 दिनों के बीच जमा के लिए ब्याज दर 5.50त्न है। 180 दिन से 210 दिन के लिए ब्याज दर अब 6त्न है। 211 दिनों से लेकर एक साल से कम अवधि के लिए जमा पर ब्याज दर 6.25त्न है। 1 साल से 2 साल से कम की अवधि के लिए नई ब्याज दर 6.80त्न है। 2 साल से लेकर तीन साल से कम की एफडी पर 7त्न का ब्याज मिलेगा। तीन से पांच साल से कम की अवधि में ब्याज दर कम होकर 6.75त्न हो जाती है। पांच साल से लेकर दल साल तक एफडी पर ब्याज दर 6.50%है।






### वरिष्ठ नागरिकों के लिए एसबीआई एफडी दरें


वरिष्ठ नागरिकों को भारतीय स्टेट बैंक में उनके फिक्स्ड डिपॉजिट पर अतिरिक्त 50 आधार अंक (बीपीएस) मिलता है। हालिया दर वृद्धि के बाद एसबीआई सात दिनों से दस साल के बीच एफडी पर 4त्न से 7.5त्न तक ब्याज दरों की पेशकश करता है। 7 दिन से 45 दिन की जमा राशि के लिए दरें 4त्न, 46 दिन से 179 दिन के लिए 6त्न और 180 दिन से 210 दिन की अवधि के लिए 6.5% ब्याज मिलता है। 211 दिन से लेकर एक साल से कम अवधि के एफडी पर 6.75त्न की दर से ब्याज मिलता है। 1 साल से दो वर्ष से कम की अवधि के लिए ब्याज दर 7.30त्न है। दो साल से तीन साल से कम की जमा राशि पर 7.50त्न की उच्चतम दर प्रदान की जाती है। तीन साल से पांच साल से कम की अवधि के लिए ब्याज दर 7.25त्न है। पांच साल से दस साल तक की लंबी अवधि की जमा के लिए ब्याज दर 7.50% है।

# रेटिंग एजेंसी मूडीज का अनुमान, 6.6 फीसदी रहेगी भारत की विकास दर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के बड़े देशों में अर्थव्यवस्था में गिरावट के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चालू वित्त वर्ष शानदार होगा। यही कारण है कि दुनिया के सभी देशों की नजर भारत के विकास पर है। इस बीच इकोनॉमी ग्रोथ पर नजर रखने वाली ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की इकोनॉमी ग्रोथ 6.6 फीसदी की तेजी से आगे बढ़ सकती है। ओर से कहा गया है कि क्रेडिट डिमांड में तेजी और हक्कस्नष्ट सेक्टर में तेजी आने के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आ सकती है। रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष के आखिर में देश की अर्थव्यवस्था 6.6 फीसदी और आगामी वित्त वर्ष में देश की इकोनॉमी 6.2 प्रतिशत से आगे बढ़ेगी।

# सोने-चांदी के भाव में आया उछाल, बाजार जाने से पहले जान लें कीमत

**इंदौर।** भारतीय सराफा बाजार में 16 मई 2024 को सोने के भाव में तेजी आई है। सोने का भाव 73476 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 15 मई 2024 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 542 रुपये ज्यादा है। चांदी के भाव में तेजी देखी गई है। चांदी का भाव 85700 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 14 मई से 195 रुपये की तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 15 मई की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत



72934 रुपये थी। 16 मई को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 73476 रुपये हो गई है। 15 मई को शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 84505 रुपये थी। 16 मई को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 85700 रुपये हो गई है। 16 मई को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 73182 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 67304 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 55107 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 42984 रुपये हो गई है।

### कैरेट के अनुसार सोना

24 कैरेट सोना= 100% सोना
22 कैरेट सोना= 91.7% सोना
18 कैरेट सोना= 75.0% सोना
14 कैरेट सोना= 58.3% सोना
12 कैरेट सोना= 50.0% सोना
10 कैरेट सोना= 41.7% सोना

### मिस्ड कॉल लगाकर जानें सोने-चांदी का भाव

ibja केंद्र सरकार की छुट्टियों और शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं करता है। आपको 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का रेट जानना है, तो 8955664433 पर मिस्ड कॉल कसकते हैं। मिस्ट कॉल के कुछ ही समय बाद एसएमएस के जरिए रेट्स मिल जाते हैं। गोल्ड या सिल्वर का रेट जानने के लिए www.ibja.co ibjarates.com पर भी जा सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)